Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | PRIMARY TEACHER and PRIMARY RAILWAY TEACHER |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** अनुशात्मक नेतृत्व (Instructional leadership) मुख्यतः किस पर केन्द्रित होता है?

**Ans**
- ✗ A. बुनियादी ढांचा विकास
- ✓ B. शिक्षण और अधिगम के कार्य
- ✗ C. वित्त प्रबंधन
- ✗ D. जन-संपर्क

**Q.2** एक विद्यार्थी में उच्च समर्थता तो है, लेकिन वह अपना असाइनमेंट शायद ही कभी पूरा करता है। कौन सा कारक अधिगम (learning) को प्रभावित कर रहा है, और शिक्षक को क्या करना चाहिए?

**Ans**
- ✓ A. अभिप्रेरण – प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित करें और सार्थक प्रतिपुष्टि प्रदान करें
- ✗ B. संज्ञानात्मक योग्यता – अधिक प्रबंधनीय कार्य निर्धारित करें
- ✗ C. सहपाठी दबाव – विद्यार्थी को सहपाठियों से अलग करें
- ✗ D. कक्षागत परिवेश – बैठने की व्यवस्था बदलें

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा, उन तीन प्रक्षेत्रों (domain) में से एक नहीं है, जिनमें अनुभव को सामान्यतः वर्गीकृत किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. आर्थिक (संसाधन और वित्त)
- ✗ B. भावात्मक (भावनाएं और संवेग)
- ✗ C. संज्ञानात्मक (चिंतन)
- ✗ D. मनोचालक (क्रिया और कार्य)

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, अधिगम अक्षमता का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. केवल कक्षा में ध्यान न देने के कारण होने वाली एक स्थिति
- ✗ B. विकास में एक अस्थायी विलंब जिसका बिना किसी हस्तक्षेप के समाधान हो जाता है
- ✓ C. पढ़ने, लिखने या अंकगणित कौशल को प्रभावित करने वाली एक तंत्रिका संबंधी स्थिति
- ✗ D. केवल रीढ़ की हड्डी में शारीरिक चोट के कारण होने वाला एक विकार

**Q.5** विद्यालय विकास योजना (School Development Plan) को मुख्यतः ________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. शिक्षक प्रदर्शन रिपोर्ट
- ✓ B. परिवर्तन के रोडमैप
- ✗ C. पाठ्यक्रम विषयवस्तु संदर्शिका (content guide)
- ✗ D. बजट आबंटन पत्रक


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+
Mock Tests
Personalised
Report Card
Unlimited
Re-Attempt
600+
Exam Covered
25,000+ Previous
Year Papers
500%
Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** एक विद्यार्थी, आधार-भूत ज्ञान में सक्षम होने के बावजूद, जटिल समस्याओं के साथ संघर्ष करता है, निराश महसूस करता है और निम्न आत्मसम्मान प्रदर्शित करता है। शिक्षक को कौन-सी कार्यनीति अपनानी चाहिए?

**Ans**
- ✔ A. ढांचायुक्त (Scaffolded) समस्या-समाधान
- ✗ B. अधिक स्वतंत्र प्रक्षेप
- ✗ C. समूह प्रतिस्पर्धा में वृद्धि
- ✗ D. रटन कंठस्थीकरण अभ्यास

**Q.7** अनुदेशनात्मक लीडर प्रबंधकीय और शैक्षिक भूमिकाओं में संतुलन किस प्रकार बनाते हैं?

**Ans**
- ✗ A. अधिगम संबंधी चिंताओं की तुलना में प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता देकर
- ✗ B. निर्देशन का कार्य पूरी तरह से कक्षा शिक्षकों को सौंपकर
- ✔ C. प्रशासनिक कार्यों को शिक्षण पद्धतियों के समर्थन के साथ एकीकृत करके
- ✗ D. कार्यात्मक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षणशास्त्र की उपेक्षा करके

**Q.8** विकासात्मक मनोविज्ञान के अनुसार, संस्थागत परिवेश में किशोरों की प्राथमिक आवश्यकता का सबसे अच्छा वर्णन निम्नलिखित में से कौन-सा करता है?

**Ans**
- ✔ A. पहचान अन्वेषण (identity exploration) और कौशल निर्माण के अवसर
- ✗ B. केवल शैक्षणिक प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना
- ✗ C. वयस्कों से पूर्ण स्वतंत्रता
- ✗ D. समकक्षियों के साथ बातचीत से बचना

**Q.9** रचनांतरणपरक नेतृत्व (Transformational leadership), निम्नलिखित में से किस पर केंद्रित है?

**Ans**
- ✗ A. दिनचर्या प्रबंधन
- ✔ B. अन्य लोगों को परिवर्तन हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित करना
- ✗ C. नौकरशाही संबंधी प्रतिमानकों का अनुसरण करना
- ✗ D. यथास्थिति बनाए रखना

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा, विकास में 'प्रकृति बनाम पोषण (nature vs. nurture)' के वाद-विवाद का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन करता है?

**Ans**
- ✔ A. जीन और पर्यावरण के बीच अंत:क्रिया विकास को प्रभावित करती है
- ✗ B. क्या समस्त विकास केवल आनुवंशिकी द्वारा नियंत्रित होता है
- ✗ C. क्या केवल पर्यावरण ही विकास का निर्धारण करता है
- ✗ D. विकास में पोषण का योगदान

**Q.11** ECCE में निवेश क्यों महत्वपूर्ण है?

**Ans**
- ✗ A. केवल प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश की तैयारी के लिए
- ✗ B. मुख्यतः शारीरिक तंदरूस्ती और खेल प्रशिक्षण के लिए
- ✔ C. वंचित बच्चों को शिक्षा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए
- ✗ D. प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए

**Q.12** एक शिक्षक भय बनाए बिना प्राधिकार बनाए रखना चाहता है। कौन-सा उपागम समकालीन शिक्षा मनोविज्ञान के साथ संरेखित करता है?

**Ans**
- ✗ A. अनुज्ञात्मक, विद्यार्थियों को जो चाहे करने देना
- ✗ B. सत्तावादी, बिना चर्चा के सख्त नियम लागू करना
- ✗ C. उदासीन, विद्यार्थी व्यवहार में शामिल होने से बचना
- ✔ D. आधिकारिक, सम्मान और संवाद के साथ दृढ़ नियमों का संयोजन

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.13 समावेशी कक्षाओं में, शिक्षक की भूमिका को निम्नलिखित में से किस रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्णित किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. ज्ञान प्रदान करने वाला एकमात्र प्राधिकारी
- ✗ B. पूर्णतः परीक्षण प्रदर्शन पर केंद्रित मूल्यांकनकर्ता
- ✓ C. विविध शिक्षार्थियों के लिए रणनीतियों को अनुकूलित करने वाला अनुदेशक
- ✗ D. अनुशासन बनाए रखने वाला प्रशासक

Q.14 प्राथमिक स्तर पर, नियोजन में निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र शामिल होते हैं?

Ans
- ✓ A. पाठ्यचर्या और सह-पाठ्यचर्या दोनों
- ✗ B. केवल पाठ्यचर्या
- ✗ C. केवल शैक्षिक
- ✗ D. केवल पाठ्यचर्येतर

Q.15 अध्यापन विधि (Teaching method) मुख्यतः निम्नलिखित में से किसके साथ सामंजस्य युक्त होनी चाहिए?

Ans
- ✓ A. पाठ्यक्रम के उद्देश्य और विषयवस्तु (Course objectives and content)
- ✗ B. विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि (Student's background)
- ✗ C. शिक्षक की पसंद (Teacher's choice)
- ✗ D. उपलब्ध समय (Available time)

Q.16 स्टेनली हॉल के अनुसार, किशोरावस्था का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?

Ans
- ✓ A. उग्रता और बलाघात की अवधि
- ✗ B. एक शांत और स्थिर अवस्था
- ✗ C. पूर्ण परिपक्वता का समय
- ✗ D. संवेगात्मक परिवर्तन रहित एक अवस्था

Q.17 एक शिक्षक एक आकर्षक और प्रभावी पाठ तैयार करना चाहता है। शिक्षण में किस सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए?

Ans
- ✓ A. विषयवस्तु को क्रमबद्ध करें, स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित करें, और संवादात्मक गतिविधियाँ शामिल करें
- ✗ B. केवल व्याख्यान
- ✗ C. विद्यार्थियों को बिना किसी संरचना के स्वतंत्र रूप से अध्ययन करने दें
- ✗ D. बिना मार्गदर्शन के लंबे पाठ करने को दें

Q.18 आधुनिक शैक्षणिक फ्रेमवर्क में अधिगम और आकलन को रटन-स्मरण (rote memorisation) से हटाकर किस पहलू पर जोर दिया गया है?

Ans
- ✗ A. विषयवस्तु प्रतिधारण (Content retention)
- ✗ B. तथ्यात्मक प्रत्याह्वान (Factual recall)
- ✗ C. प्रक्रियात्मक कौशल (Procedural skills)
- ✓ D. संकल्पनात्मक स्पष्टता (Conceptual clarity)

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, लोकतांत्रिक शिक्षा के साथ सर्वाधिक सुसंगत है?

Ans
- ✗ A. शारीरिक दंड (Corporal punishment)
- ✓ B. स्व-अनुशासन (Self-discipline)
- ✗ C. आज्ञाकारिता-आधारित अनुशासन (Obedience-based discipline)
- ✗ D. एकतंत्रीय अनुशासन (Autocratic discipline)

Q.20 किशोरावस्था में संज्ञानात्मक विकास की विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ A. संक्रिया पूर्व विचार
- ✓ B. औपचारिक संक्रियात्मक चिंतन
- ✗ C. मूर्त संक्रियाओं में प्रवीणता
- ✗ D. प्रतिवर्तों का विकास

Q.21 अनुदेशी योजना (instructional planning) में शिक्षकों के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) का प्राथमिक लाभ क्या है?

Ans
- ✔ A. पाठ्यपुस्तक सामग्री को परिपूरक करना
- ✘ B. शिक्षकों के वेतन में कटौती करना
- ✘ C. विद्यार्थी की उपस्थिति को स्वचालित करना
- ✘ D. कक्षा से चर्चाओं को प्रतिस्थापित करना

Q.22 उच्च शिक्षा की आभासी कक्षा में कौन-सा अध्यापन अभ्यास, समावेशिता को सर्वाधिक दृढ़ता से प्रतिबिंबित करता है?

Ans
- ✘ A. केवल लिखित प्रस्तुतीकरणों के आधार पर मूल्यांकन अभिकल्पित करना
- ✘ B. सभी शिक्षार्थियों के लिए एक समान व्याख्यान प्रारूप का उपयोग करना
- ✘ C. विद्यार्थियों से बिना किसी समंजन के अनुकूलन की अपेक्षा करना
- ✔ D. सामग्री वितरण के विभिन्न तरीके प्रदान करना (वीडियो, पठन, चर्चाएं)

Q.23 एक रचनावादी कक्षा में, ज्ञान को ______________________ माना जाता है।

Ans
- ✘ A. सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभावों से स्वतंत्र
- ✔ B. सामाजिक रूप से निर्मित और संदर्भ-निर्भर
- ✘ C. विशेषज्ञों द्वारा प्रेषित सत्यों का एक निश्चित सेट
- ✘ D. पुनर्बलन और अनुकूलन के माध्यम से उपार्जित

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा, आसूचना का व्यापक रूप से सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. अनोखी ध्वनियां उत्पन्न करने या असाधारण कार्य करने की क्षमता
- ✘ B. तथ्यों को स्मरण रखने और उन्हें शीघ्रता से दोहराने की क्षमता
- ✔ C. अपने परिवेश के साथ सीखने, अनुकूलन करने, समझने और अंतःक्रिया करने की क्षमता
- ✘ D. प्रभावी ढंग से नृत्य करने, गाने या खेल खेलने की क्षमता

Q.25 एक सामान्य शारीरिक परीक्षण के दौरान, एक बालरोग विशेषज्ञ बच्चे की लंबाई और वजन मापता है। ये मापन निम्नलिखित में से किसके प्रत्यक्ष संकेतक हैं?

Ans
- ✘ A. मनोसामाजिक अनुकूलन
- ✔ B. वृद्धि
- ✘ C. विकास
- ✘ D. प्रौढ़ता

Q.26 एरिक्सन के सिद्धांत के अनुसार, किशोरों की प्रमुख मनोवैज्ञानिक आवश्यकता क्या है?

Ans
- ✘ A. स्वायत्तता (Autonomy)
- ✘ B. प्रजनात्मकता (Generativity)
- ✘ C. विश्वास (Trust)
- ✔ D. पहचान (Identity)

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, अधिगम अवसरों के होने के बावजूद वृद्धि को सीमित कर सकता है?

Ans
- ✘ A. समीपदूराभिमुख नियम
- ✔ B. परिपक्वन
- ✘ C. अवस्था
- ✘ D. परिवेश

Q.28 प्रारंभिक बाल्यावस्था में विलंबित शारीरिक विकास का सामान्य निहितार्थ क्या है?

Ans
- ✘ A. मंद सामाजिक निर्णयन
- ✘ B. अमूर्त तर्क में कठिनाई
- ✘ C. बढ़ा हुआ संवेगात्मक विनियमन
- ✔ D. सीमित गतिशीलता और समन्वय

Q.29 रचनावादी कक्षा में, अवलोकन, प्रतिक्रिया, अनुचिंतन और संवाद का उपयोग मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कठोर अनुशासन और एकसमान अनुक्रिया सुनिश्चित करने के लिए
- ✗ B. शिक्षक से शिक्षार्थी तक निश्चित ज्ञान का संचार करने के लिए
- ✓ C. चिंतन और अंतःक्रिया के माध्यम से ज्ञान का निर्माण करने के लिए
- ✗ D. समूह कार्य को व्यक्तिगत स्मरण कार्यों से प्रतिस्थापित करने के लिए

Q.30 कोहलबर्ग का सिद्धांत किस क्षेत्र के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक है?

Ans
- ✗ A. सामाजिक-संवेगात्मक विकास
- ✗ B. शारीरिक विकास
- ✗ C. संज्ञानात्मक विकास
- ✓ D. नैतिक विकास

Q.31 किशोरावस्था में मीडिया, द्वितीयक समाजीकरण एजेंट के रूप में किस प्रकार कार्य करता है?

Ans
- ✓ A. अभिवृत्ति और व्यवहार को आकार देकर
- ✗ B. शैक्षणिक विषयवस्तु का शिक्षण देकर
- ✗ C. पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करके
- ✗ D. शारीरिक विकास को बढ़ावा देकर

Q.32 NEP 2020 के अनुसार, नयी विद्यालय पाठ्यचर्या की संरचना किस प्रकार डिज़ाइन की गई है?

Ans
- ✗ A. 8+2 शिक्षा-पद्धति
- ✗ B. 10+2 शिक्षा-पद्धति
- ✗ C. 6+4 शिक्षा-पद्धति
- ✓ D. 5+3+3+4 शिक्षा-पद्धति

Q.33 विद्यार्थी सक्रियतापूर्वक भाग लेते हैं, प्रश्न पूछते हैं और स्वतंत्र परियोजनाओं का आनंद लेते हैं। कौन-सा कक्षा-कारक संभवतः इसका समर्थन करता है?

Ans
- ✓ A. सहायक, समावेशी, विद्यार्थी-केंद्रित परिवेश
- ✗ B. नियमित परीक्षण और सार्वजनिक रैंकिंग
- ✗ C. सख्त नियम और निश्चित बैठक व्यवस्था
- ✗ D. शिक्षक-प्रधान व्याख्यान

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी भूमिका, लीथवुड और ड्यूक (1999) द्वारा निर्धारित की गई नेतृत्व की भूमिका नहीं है?

Ans
- ✓ A. नौकरशाही (Bureaucratic)
- ✗ B. रचनांतरणपरक (Transformational)
- ✗ C. अनुदेशात्मक (Instructional)
- ✗ D. नैतिक (Moral)

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रभावशाली स्कूल-समुदाय संबंध का एक मुख्य लाभ है?

Ans
- ✗ A. विद्यार्थियों का सामुदायिक गतिविधियों से संपर्क सीमित करना
- ✗ B. कक्षा में शिक्षकों की भूमिका को कम करना
- ✗ C. विद्यार्थियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा
- ✓ D. शिक्षा और समुदाय के बीच अंतराल को भरना

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति सिर से पैरों की ओर विकास, वृद्धि और मोटर नियंत्रण प्रगति के सेफलोकेडल सिद्धांत (cephalocaudal principle) को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करती है?

Ans
- ✗ A. एक बच्चा गेंद पकड़ने से पूर्व बर्तनों में भोजन करना सीखता है।
- ✗ B. एक किशोर की लंबाई यौवनारंभ के दौरान अचानक बढ़ जाती है।
- ✗ C. एक टोडलर दस तक गिनती सीखने से पूर्व पूरा वाक्य बोलने लगता है।
- ✓ D. एक शिशु क्रॉल (crawl) करना सीखने से पूर्व सिर पर नियंत्रण रखना सीखता है।

**Q.37** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, शिक्षण और अधिगम में तीन प्रकार के मूल्यांकनों के अंतर को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

**Ans**
- ✗ A. अधिगम का (of learning) मूल्यांकन रचनात्मक होता है, अधिगम के लिए (for learning) योगात्मक होता है, और अधिगम के रूप में (as learning) शिक्षक-केंद्रित होता है।
- ✓ B. अधिगम का (of learning) मूल्यांकन उपलब्धि का आकलन करता है, अधिगम के लिए (for learning) सुधार को बढ़ावा देता है, और अधिगम के रूप में (as learning) में छात्र के आत्म-चिंतन को संवर्धन मिलता है।
- ✗ C. अधिगम का (of learning) मूल्यांकन और अधिगम के लिए (for learning) मूल्यांकन दोनों का अर्थ एक ही है, जबकि अधिगम के रूप में (as learning) में मूल्यांकन वैकल्पिक है।
- ✗ D. अधिगम का (of learning) मूल्यांकन परासंज्ञान का निर्माण करता है, अधिगम के लिए (for learning) अंतिम अंकों का मूल्यांकन करता है, और अधिगम के रूप में (as learning) पाठ्यचर्या कवरेज की निगरानी करता है।

**Q.38** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, वार्षिक योजना को सर्वोत्तम ढंग से वर्णित करता है?

**Ans**
- ✓ A. पूरे वर्ष के लिए पाठ्यचर्या और सह-पाठ्यचर्या क्रियाकलापों का विस्तृत मानचित्र
- ✗ B. शिक्षण नोट्स का संग्रह
- ✗ C. शिक्षक की अनौपचारिक दैनिक डायरी
- ✗ D. स्थानापन्न शिक्षक की पाठ संदर्शिका

**Q.39** नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, _______ को लागू हुआ था।

**Ans**
- ✗ A. 4 अगस्त 2009
- ✓ B. 1 अप्रैल 2010
- ✗ C. 26 अगस्त 2009
- ✗ D. 15 अगस्त 2010

**Q.40** तीन चरणों वाला नैतिक विकास का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?

**Ans**
- ✗ A. लेव वायगोत्स्की
- ✗ B. जॉन डेवी
- ✗ C. जीन पियाजे
- ✓ D. लॉरेंस कोहलबर्ग

**Q.41** अभिक्रमित अनुदेशन (Programmed instruction) निम्नलिखित में से किन सिद्धांतों पर आधारित है?

**Ans**
- ✗ A. संज्ञानवाद
- ✓ B. व्यवहारवाद
- ✗ C. मानववाद
- ✗ D. रचनावाद

**Q.42** एक किशोर अत्यधिक विरक्ति दिखाता है, समकक्षी के साथ अंतःक्रिया से उपेक्षा करता है, और अक्सर खुद को अयोग्य महसूस करता है। यह विचलन सर्वाधिक किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. शारीरिक विकास विलंबता (physical developmental delay)
- ✗ B. विलंबित नैतिक तर्क (delayed moral reasoning)
- ✗ C. संज्ञानात्मक दृढ़ता (cognitive rigidity)
- ✓ D. संवेगात्मक या सामाजिक कुसमायोजन (emotional or social maladjustment)

**Q.43** विकास के किस प्रक्षेत्र में समस्या समाधान और स्मृति शामिल है?

**Ans**
- ✗ A. सामाजिक प्रक्षेत्र
- ✗ B. संवेगात्मक प्रक्षेत्र
- ✗ C. भौतिक प्रक्षेत्र
- ✓ D. संज्ञानात्मक प्रक्षेत्र

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | जब बच्चे में भाषण और भाषा अर्जन में विलंब होता है, तो कौन-सा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होता है? | |
| Ans | ✗ A. शारीरिक विकास<br>✗ B. व्यक्तित्व विकास<br>✓ C. संज्ञानात्मक विकास<br>✗ D. नैतिक विकास | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.45 | प्रारंभिक संवेगात्मक विकास के लिए कौन-सी समाजीकरण एजेंसी सबसे अधिक उत्तरदायी है? | |
| Ans | ✗ A. मीडिया<br>✗ B. विद्यालय<br>✗ C. धार्मिक संस्थाएँ<br>✓ D. परिवार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.46 | विद्यार्थी की गतिविधियों की योजना बनाने में, समाधार (scaffolding) क्या सुनिश्चित करता है? | |
| Ans | ✗ A. शिक्षार्थी केवल स्मरण तकनीकों पर निर्भर रहते हैं<br>✗ B. शिक्षक बिना किसी व्यवधान के विषय-वस्तु प्रदान करते हैं<br>✓ C. निर्देशित सहायता से विद्यार्थी धीरे-धीरे प्रगति करते हैं<br>✗ D. सभी शिक्षार्थियों के लिए गतिविधियाँ समान रूप से निश्चित रहती हैं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | किसी बच्चे से मित्रता बनाने और भावनाओं को प्रबंधित करने की क्षमता का आकलन करते समय कौन-सा क्षेत्र सबसे अधिक प्रासंगिक है? | |
| Ans | ✗ A. संज्ञानात्मक विकास<br>✓ B. सामाजिक-संवेगात्मक विकास<br>✗ C. नैतिक विकास<br>✗ D. शारीरिक विकास | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.48 | स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के बीच व्यावसायिक अधिगम समुदाय (PLCs) स्थापित करने का मुख्य लाभ क्या है? | |
| Ans | ✗ A. पाठ्यक्रम निर्णयों का केंद्रीकरण करना<br>✗ B. बाह्य हितधारकों की अंतर्भागिता को सीमित करना<br>✓ C. सामूहिक समस्या-समाधान को सुगम बनाना<br>✗ D. वैयक्तिक उत्तरदायित्व को कम करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.49 | रचनावादी सिद्धांतों के अनुसार, कक्षा का परिवेश कैसा होना चाहिए? | |
| Ans | ✗ A. संवातन और प्रकाश व्यवस्था के साथ<br>✗ B. शिक्षक-केंद्रित<br>✗ C. नियंत्रित और अनम्य<br>✓ D. शिक्षार्थी-केंद्रित | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | मानसिक स्वास्थ्य को, निम्नलिखित में से किस रूप में सर्वोत्तम ढंग से समझा जा सकता है? | |
| Ans | ✗ A. एक ऐसी अवस्था, जो सामाजिक कार्यप्रणाली को प्रभावित नहीं करती<br>✗ B. संवेगात्मक स्थिरता की एक निश्चित अवस्था<br>✗ C. केवल मानसिक व्याधि का अभाव<br>✓ D. सकारात्मक कल्याण से लेकर तीव्र लक्षणों तक की एक सांतत्यक सीमा | |

Section : **General Ability**

**Q.51** __________ से पीड़ित व्यक्ति पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख पाता है, जिसे उपयुक्त क्षमता के __________ लेंस का उपयोग करके ठीक किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. दीर्घ-दृष्टि दोष; अवतल
- ✗ B. निकट-दृष्टि दोष; अवतल
- ✓ C. दीर्घ-दृष्टि दोष; उत्तल
- ✗ D. निकट-दृष्टि दोष; उत्तल

**Q.52** $106^{वें}$ संविधान संशोधन अधिनियम, 2023 का विषय क्या था?

**Ans**
- ✓ A. लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करना
- ✗ B. सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए 10% आरक्षण की शुरुआत
- ✗ C. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBCs) सहित सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBCs) की पहचान करने और उन्हें वर्गीकृत करने की राज्य सरकारों की शक्ति को बहाल करना
- ✗ D. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों (SCs) और अनुसूचित जनजातियों (STs) के लिए सीटों के आरक्षण को अगले दस वर्षों के लिए बढ़ाना

**Q.53** यदि पृथ्वी का द्रव्यमान $6 \times 10^{24}$ kg और सैटेलाइट का द्रव्यमान 400 kg है, तो पृथ्वी द्वारा सैटेलाइट पर लगाए गए बल का मान कितना होगा? सैटेलाइट, पृथ्वी की पृष्ठ से 400 km की दूरी पर उसकी परिक्रमा कर रहा है। पृथ्वी की त्रिज्या 6400 km है और $G = 6.67 \times 10^{-11}$ N $m^2/kg^2$ है।

**Ans**
- ✗ A. 4800 N
- ✗ B. 384 N
- ✓ C. 3461 N
- ✗ D. $21.9 \times 10^4$ N

**Q.54** राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति के बीच अंतर निम्नलिखित में से क्या है?

**Ans**
- ✓ A. राजकोषीय नीति में सरकार द्वारा कराधान और व्यय का उपयोग शामिल होता है, जबकि मौद्रिक नीति में केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों और मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण शामिल होता है।
- ✗ B. राजकोषीय नीति केंद्रीय बैंकों द्वारा संचालित की जाती है, जबकि मौद्रिक नीति सरकार द्वारा संचालित की जाती है।
- ✗ C. राजकोषीय नीति में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण शामिल होता है, जबकि मौद्रिक नीति में सरकारी व्यय संबंधी निर्णय शामिल होते हैं।
- ✗ D. राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति परस्पर विनिमय योग्य शब्द हैं।

**Q.55** निम्नलिखित में से किस देश की सीमा भारत के साथ नहीं लगती है?

**Ans**
- ✗ A. अफगानिस्तान
- ✓ B. मलेशिया
- ✗ C. पाकिस्तान
- ✗ D. चीन

**Q.56** निम्नलिखित में से कौन-सी पारिस्थितिक अवधारणा उस प्रक्रिया को सर्वोत्तम तरीके से परिभाषित करती है जिसके द्वारा कीटनाशकों, भारी धातुओं और औद्योगिक रसायनों जैसे विषाक्त पदार्थों की सांद्रता, खाद्य श्रृंखला में प्रत्येक पोषण स्तर पर ऊपर जाने पर बढ़ती है?

**Ans**
- ✓ A. जैव आवर्धन (Biomagnification)
- ✗ B. सुपोषण (Eutrophication)
- ✗ C. जैव संचयन (Bioaccumulation)
- ✗ D. जैव निम्नीकारण (Biodegradation)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.57 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी गाजर, चुकंदर हैं।
कोई भी गाजर, अदरक नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ अदरक, चुकंदर हैं।
(II) सभी चुकंदर, अदरक हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.58 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$3^2 + 3^2 + \sqrt{4}$$

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 17
- ✗ C. 25
- ✓ D. 20

Q.59 फ्लुओरीन के बाह्यतम कोश में 7 इलेक्ट्रॉन होते हैं। इसकी संयोजकता _____।

Ans
- ✗ A. 0 होगी, क्योंकि यह एक अधातु है
- ✗ B. 7 होगी, क्योंकि इसमें 7 इलेक्ट्रॉन हैं
- ✗ C. 8 होगी, क्योंकि यह अष्टक नियम का अनुपालन करता है
- ✓ D. 1 होगी, क्योंकि यह एक अष्टक पूरा करने के लिए 1 इलेक्ट्रॉन प्राप्त करता है

Q.60 निम्नलिखित बंटन की माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 100-150 | 150-200 | 200-250 | 250-300 | 300-350 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 40 | 23 | 10 | 39 | 34 |

Ans
- ✓ A. 250
- ✗ B. 254
- ✗ C. 243
- ✗ D. 247

Q.61 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. QSN
- ✗ B. NPK
- ✓ C. SUO
- ✗ D. UWR

Q.62 राष्ट्रीय खेल नीति, 2025 कितने प्रमुख स्तंभों पर आधारित है?।

Ans
- ✓ A. पाँच
- ✗ B. चार
- ✗ C. छह
- ✗ D. तीन

Q.63 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. PLKC
✘ B. LHCY
✘ C. MIDZ
✘ D. JFAW

Q.64 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P, R के बायें तीसरे स्थान पर बैठा है। A, C के बायें दूसरे स्थान पर बैठा है। D और A के बीच केवल R बैठा है। Q, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दायीं ओर से गिनने पर, B और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ A. दो
✘ B. तीन
✘ C. चार
✘ D. एक

Q.65 निम्नलिखित में से किस भारतीय अधिनियम को मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (Montagu-Chelmsford Reforms) के रूप में भी जाना जाता है, जिसका नाम तत्कालीन भारत सचिव और वायसराय के नाम पर रखा गया था?

Ans
✔ A. 1919 का भारत सरकार अधिनियम
✘ B. 1935 का भारत सरकार अधिनियम
✘ C. 1861 का भारतीय परिषद अधिनियम
✘ D. 1909 का भारतीय परिषद अधिनियम

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOFT' को '8379' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FAST' को '1397' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या है?

Ans
✘ A. 3
✘ B. 8
✘ C. 7
✔ D. 1

Q.67 नीचे दो कथन दिए गए हैं। इन कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: सक्रियता श्रेणी में निम्न धातुओं को उनके ऑक्साइड से बिना किसी अपचायी कर्मक का उपयोग किए प्राप्त किया जा सकता है।
कथन II: इन धातुओं के ऑक्साइड को शुद्ध धातु में अपचयित करने के लिए केवल परितप्त करना ही पर्याप्त है।

Ans
✘ A. दोनों कथन असत्य हैं।
✘ B. कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।
✔ C. दोनों कथन सत्य हैं।
✘ D. कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।

Q.68 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) C H * * 8 5 9 * 4 9 1 6 5 L # 5 6 5 £ * K B (दाएं)
यदि श्रृंखला से सभी संख्याएं हटा दी जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से पांचवां होगा?

Ans
✔ A. *
✘ B. #
✘ C. C
✘ D. L

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.69 $P_1$ और $P_2$ दो सम बहुभुज हैं। $P_1$ के सभी अंतःकोणों का योग 1800° है। $P_2$ का प्रत्येक अंतःकोण उसके बाह्य कोण से 120° अधिक है। $P_1$ और $P_2$ की भुजाओं की संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 1
- ✓ C. 0
- ✗ D. 3

Q.70 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, VANE का संबंध ZCJC से है। उसी प्रकार, DEFA का संबंध HGBY से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, LIXW का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. OJUT
- ✓ B. PKTU
- ✗ C. QKSU
- ✗ D. QLSV

Q.71 हिमालय की सबसे अधिक सतत पर्वत श्रृंखला निम्नलिखित में से कौन-सी है?

Ans
- ✗ A. शिवालिक
- ✗ B. ट्रांस हिमालय
- ✗ C. लघु हिमालय
- ✓ D. वृहद् हिमालय

Q.72 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

381 330 279 228 ?

Ans
- ✗ A. 153
- ✓ B. 177
- ✗ C. 162
- ✗ D. 141

Q.73 थॉमसन के मॉडल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
i. परमाणु एक धनात्मक आवेशित गोले से बने होते हैं।
ii. इलेक्ट्रॉन, गोले के बाहर यादृच्छिक रूप से गति करते हैं।
iii. धनात्मक और ऋणात्मक आवेशों की संख्या बराबर होती है।
iv. परमाणु, समग्र रूप से अनावेशी होता है।

Ans
- ✓ A. केवल (i), (iii) और (iv)
- ✗ B. केवल (ii) और (iii)
- ✗ C. केवल (i), (ii) और (iii)
- ✗ D. (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.74 जुलाई 2025 में, किस राज्य ने जनजातीय नागरिकों के स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना शुरू की और ऐसा करने वाला पहला राज्य बना?

Ans
- ✗ A. झारखंड
- ✗ B. मणिपुर
- ✗ C. तेलंगाना
- ✓ D. गुजरात

Q.75 एक कार, हयातनगर से LB नगर की दूरी 64 km/hr की चाल से तय करती है और LB नगर से हयातनगर की दूरी 56 km/hr की चाल से तय करती है। कार की औसत चाल (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 58 km/hr
- ✗ B. 61 km/hr
- ✗ C. 62 km/hr
- ✓ D. 60 km/hr

Adda247

Q.76 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं, केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) N R B C & 1 J 5 ! $ 7 S K 9 3 # (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक अक्षर भी है?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. चार
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

Q.77 एक निर्माण परियोजना में 18 श्रमिकों को 25 दिनों तक काम करने की आवश्यकता है। 10 दिन के बाद, 6 श्रमिक काम छोड़ देते हैं और 4 नए श्रमिक काम करने लग जाते हैं, जो शुरुआती श्रमिकों की तुलना में 25% अधिक कुशल होते हैं। 5 और दिन बाद, शेष सभी श्रमिक अपनी कार्यक्षमता में 20% की वृद्धि कर लेते हैं। परियोजना को पूरा होने में कुल कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✘ A. $27\frac{7}{102}$ दिन
- ✘ B. $25\frac{7}{102}$ दिन
- ✘ C. $26\frac{7}{102}$ दिन
- ✔ D. $24\frac{7}{102}$ दिन

Q.78 आर्थिक वृद्धि के संदर्भ में, बेरोजगारी कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति आवश्यक है?

Ans
- ✔ A. उद्यमिता और लघु उद्यमों को बढ़ावा देना
- ✘ B. विदेशी व्यापार समझौतों को कम करना
- ✘ C. पारंपरिक शिल्पकारी पर निर्भरता बढ़ाना
- ✘ D. विशेष रूप से कृषि विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना

Q.79 एक पौधे में टहनियों और जड़ों के शीर्ष पर तीव्र वृद्धि दिखाई देती है। तो ऊतक की कौन-सी विशेषताएँ इस अवलोकन का सपोर्ट करती हैं?

Ans
- ✔ A. घना कोशिकाद्रव्य, प्रमुख केन्द्रक और कोई रिक्तिका नहीं
- ✘ B. लिग्निफाइड भित्ती वाली मृत कोशिकाएं
- ✘ C. क्लोरोप्लास्ट और संग्रहीत भोजन की उपस्थिति
- ✘ D. बड़े रिक्तिकाएँ और मोटी भित्ती

Q.80 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) N T © Z © * U £ H W S * V C * O © W # € E K (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✘ A. 1
- ✔ B. 2
- ✘ C. 4
- ✘ D. 3

Q.81 कोई धनराशि, साधारण ब्याज पर 5 वर्षों में दोगुनी हो जाती है। उसी ब्याज दर पर यह धनराशि, कितने वर्षों में 8 गुना हो जाएगी?

Ans
- ✘ A. 20
- ✘ B. 25
- ✔ C. 35
- ✘ D. 30

| | |
|---|---|
| Q.82 | भारत, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 66वें इंटरनेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (IMO) 2025 में, छह पदक जीतने के साथ विश्व स्तर पर किस स्थान पर रहा? |
| Ans | ✗ A. तीसरे<br>✗ B. दसवें<br>✗ C. पाँचवें<br>✓ D. सातवें |

| | |
|---|---|
| Q.83 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'urn wheat owl' को 'zb kg mb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'two owl moon' को 'yj vr kg' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'owl' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. yj<br>✗ B. mb<br>✓ C. kg<br>✗ D. zb |

| | |
|---|---|
| Q.84 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>42 + 13 − 26 = ? |
| Ans | ✗ A. 48<br>✗ B. 29<br>✗ C. 38<br>✓ D. 55 |

| | |
|---|---|
| Q.85 | किसी पिंड पर किसी बल द्वारा किए गए कार्य को ऋणात्मक कहा जाता है जब ___________। |
| Ans | ✗ A. बल और विस्थापन समान दिशा में होते हैं<br>✗ B. पिंड का कोई विस्थापन नहीं होता है<br>✓ C. बल और विस्थापन विपरीत दिशाओं में होते हैं<br>✗ D. बल अनुप्रयुक्त होता है, लेकिन पिंड गति नहीं करता है |

| | |
|---|---|
| Q.86 | एक संख्या में 10% की वृद्धि की जाती है और फिर 10% की कमी की जाती है। इसमें पुनः 10% की वृद्धि की जाती है। शुद्ध (net) वृद्धि या कमी प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 8.9% कमी<br>✗ B. 9.9% कमी<br>✗ C. 9.9% वृद्धि<br>✓ D. 8.9% वृद्धि |

| | |
|---|---|
| Q.87 | सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। T के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। H के ऊपर केवल S को रखा गया है। G को F के नीचे किसी स्थान पर और U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।<br>नीचे से दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स, रखा गया है? |
| Ans | ✗ A. H<br>✗ B. G<br>✗ C. E<br>✓ D. U |

| | |
|---|---|
| Q.88 | पौधों में, जंतुओं की तुलना में अधिक मृत सहायक ऊतक (dead supportive tissue) क्यों होते हैं? |
| Ans | ✗ A. मृत कोशिकाएं सक्रिय गतिशीलता में मदद करती हैं।<br>✗ B. मृत कोशिकाएं प्रजनन में मदद करती हैं।<br>✗ C. पौधों को गति के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।<br>✓ D. पौधे स्थिर होते हैं और उन्हें सीधा खड़ा रहने के लिए सहारे की आवश्यकता होती है। |

Q.89 18 बैग और 3 पेन का कुल मूल्य ₹1,164 है, जबकि 14 बैग और 2 पेन का कुल मूल्य ₹922 है। 9 बैग का मूल्य, 2 पेन के मूल्य से कितना अधिक है?

Ans
- ✗ A. ₹755
- ✗ B. ₹754
- ✗ C. ₹762
- ✓ D. ₹757

Q.90 फसल उत्पादन में जैविक तनाव (Biotic stress), __________ के कारण होता है।

Ans
- ✗ A. खराब उर्वरक अनुप्रयोग
- ✗ B. जलभराव और सूखा
- ✗ C. कृषि मशीनरी और उपकरण
- ✓ D. कीड़े, रोगजनक और अन्य जीवित जीव

Q.91 निम्नलिखित में से किस प्रमुख कारण से चंडीगढ़ को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया?

Ans
- ✓ A. राजनीतिक और प्रशासनिक विचार
- ✗ B. सांस्कृतिक विशिष्टता
- ✗ C. रणनीतिक महत्व
- ✗ D. पिछड़े और जनजातीय लोगों की देखभाल

Q.92 लैंगिक जनन में अर्धसूत्रण (meiosis) का क्या कार्य है?

Ans
- ✓ A. यह जनन-कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या को आधा कर देता है।
- ✗ B. यह DNA से हानिकारक विविधताओं को समाप्त कर देता है।
- ✗ C. यह DNA अंश को दोगुना कर देता है।
- ✗ D. यह गुणसूत्रों की संख्या को कई गुना बढ़ा देता है।

Q.93 निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने प्रांतों और रियासतों को इकाइयों के रूप में शामिल करते हुए एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया था?

Ans
- ✗ A. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
- ✗ B. भारत सरकार अधिनियम, 1919
- ✓ C. भारत सरकार अधिनियम, 1935
- ✗ D. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

Q.94 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

92 + 39 − 59 = ?

Ans
- ✓ A. 112
- ✗ B. 120
- ✗ C. 102
- ✗ D. 142

Q.95 बिरसा मुंडा के आंदोलन (1890 के दशक) को निम्नलिखित में से किसके लिए याद किया जाता है?

Ans
- ✗ A. ओडिशा में पाइका विद्रोह के नेतृत्व के लिए
- ✗ B. पुर्तगाली मिशनरियों के विरुद्ध युद्ध के आयोजन के लिए
- ✓ C. ब्रिटिश हस्तक्षेप के विरुद्ध जनजातीय स्वशासन की स्थापना के लिए
- ✗ D. बंगाल में नील की खेती करने वालों का विरोध करने के लिए

Adda247

Q.96 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$3\times6+5\times3-4\times8+6\times2 \ \text{of}\ 3\div24+6 \ \text{of}\ 3\times2-5$

Ans
- ✔ A. 33.5
- ✗ B. 26.7
- ✗ C. 28.3
- ✗ D. 39.8

Q.97 8 और 12 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 20
- ✗ C. 16
- ✔ D. 18

Q.98 हिंदू धर्म में सुधार के लिए 1875 में आर्य समाज की स्थापना किसने की?

Ans
- ✗ A. स्वामी विवेकानंद
- ✗ B. राजा राम मोहन राय
- ✗ C. केशव चंद्र सेन
- ✔ D. स्वामी दयानंद सरस्वती

Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

COB21 LXK36 UGT51 DPC66 ?

Ans
- ✗ A. MLL81
- ✗ B. NYL81
- ✔ C. MYL81
- ✗ D. NHL81

Q.100 मई 2025 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (ASI) ने किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF) द्वारा आयोजित ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन (GLEX 2025) की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. चेन्नई
- ✔ B. नई दिल्ली
- ✗ C. हैदराबाद
- ✗ D. बेंगलुरु